जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में "जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर की दिनांक 24.05.2023 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्तः-

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1, के शा0सं0 95/छिहत्तर-2020-20 स्वजल/2010 टी0सी0-3 लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता मिशन के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी कियान्वयन एंव मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38-5-2010-20 स्वजल 2010 (टी0सी0अ0) दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति का पुर्नगठन किया गया था। शासनादेश द्वारा जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति को जलापूर्ति की योजना की स्वीकृति एंव राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को अग्रसारित करने हेतु अधिकृत किया गया है।

जनपद **गौतमबुद्धनगर** की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 की स्वीकृति हेतु जिलाधिकारी/अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में **"जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर"** की बैठक दिनांक 24.05.2023 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर-उपाध्यक्ष।
2. जिला विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर -सदस्य।
3. प्रभागीय वनाधिकारी/नामित अधिकारी -सदस्य।
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी-सदस्य।
5. अधिशासी अभियंता, भूगर्भ जल गौतमबुद्धनगर -सदस्य।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर -सदस्य।
7. अधिशासी अभियंता, सिचांई विभाग, गौतमबुद्धनगर -सदस्य।
8. जिला कृषि अधिकारी, गौतमबुद्धनगर -सदस्य।
9. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, गौतमबुद्धनगर -सदस्य।
10. अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) गौतमबुद्धनगर-सदस्य सचिव।
11. मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद के प्रोजेक्ट मैनेजर

अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2394/W-22/NIT/2020-21 दिनांक 25.01.2021 (संलग्नक-ख) के द्वारा मै0 एल0सी0इन्फ्रा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 विरचन एंव पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 एल0सी0इन्फ्रा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद गौतमबुद्धनगर हेतु पत्र संख्या-LC/ GBN/JJM/281 दिनांक 16-05-2023 (संलग्नक-ग) के माध्यम से 06 नग नई एवं 01 नग पुनरीक्षित कुल 07 नग डी0पी0आर0 जल निगम कार्यालय में प्रस्तुत की गई है, जिनमे 07 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है। डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ तथा जल निगम द्वारा समय-समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइड लाइन के अनुरूप जल निगम कार्यालय द्वारा जाँच की गई है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी 12.50 प्रतिशत विभागीय सेंन्टेज तथा 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाईडलाईन के अनुसार 12.50 प्रतिशित सेंन्टेज के व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय कर भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार Ultimate Design Year के लिये योजना हेतु Per Capita Cost की दर रू 9000.00 निर्धारित की गई है तथा उक्त आंकलन हेतु वर्क कॉस्ट, कन्टीजेन्सी तथा जी0एस0टी0 को लिया गया है। मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा-टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र सं | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | वर्क कॉस्ट (रू0करोड़) | सैंन्टेज (रू0करोड़) | कुल लागत (रू0 करोड़) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाईन वर्ष 2052 हेतु (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नंगला नैनसुख | दादरी | 1 | 453 | 2942 | 2.45 | 0.26 | 2.71 | 8331 |
| 2 | उपरालसी | दादरी | 1 | 422 | 2743 | 2.13 | 0.23 | 2.35 | 7749 |
| 3 | रामगढ चमरावली | दादरी | 1 | 479 | 3128 | 2.39 | 0.25 | 2.64 | 7634 |
| 4 | गिरधरपुर सुनारसी | बिसरख | 1 | 1610 | 8352 | 6.17 | 0.65 | 6.82 | 7388 |
| 5 | महावड | बिसरख | 1 | 717 | 4676 | 3.62 | 0.38 | 4.01 | 7747 |
| 6 | रबूपुर | जेवर | 1 | 34 | 318 | 0.68 | 0.07 | 0.76 | 21530 |
| 7 | इस्लामाबाद कल्दा (पुनरीक्षित) | बिसरख | 1 | 224 | 2175 | 1.76 | 0.19 | 1.94 | 6869 |

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता द्वारा निर्धारित मानको के अनुसार डी0पी0आर0 में (1) प्रति व्यक्ति लागत रू0 9000 से कम होनी चाहिए (2) योजना में एकल ग्राम हेतु प्रति गृह संयोजन ( FHTC) लागत रू0 35000 कम होनी चाहिए तथा बहुल ग्राम हेतु प्रति गृह संयोजन ( FHTC) लागत रू0 65000 से कम होनी चाहिए (3) प्रति किलोमीटर वितरण प्रणाली की लागत रू0 15.00 लाख से कम होनी चाहिए।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि उपरोक्त प्रस्तुत समस्त 07 नग डी0पी0आर0 की कार्यालय जल निगम (ग्रामीण) गौतमबुद्धनगर द्वारा विस्तृत रूप से जॉच करने पर भी उक्त 07 नग डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नही पाई गई हैं । उपरोक्त योजनाओं के मानक में नही होने का विवरण एवं कारण निम्नानुसार है–

| क्र सं | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | वर्क कॉस्ट (रू0 करोड़) | सैन्टेज (रू0 करोड़) | कुल लागत (रू0 करोड़) | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | प्रति व्यक्ति लागत रू0 में डिजाईन वर्ष 2052 हेतु मानक रू0 9000 के सापेक्ष | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | प्रति FHTC की लागत मानक रू0 35000 के सापेक्ष | प्रति कि0मी0 की लागत मानक रू0 15 लाख के सापेक्ष | मानक के अनुरूप नही होने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नंगला नैनसुख | दादरी | 2.45 | 0.26 | 2.71 | 2942 | 8331 | 453 | 54084 | 12.62 | घरों की संख्या कम होने के कारण योजना प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है। |
| 2 | [illegible]लसी | दादरी | 2.13 | 0.23 | 2.35 | 2743 | 7749 | 422 | 50474 | 15.17 | घरो की संख्या कम तथा सी0सी0 रोड अधिक होने के कारण प्रति FHTC तथा प्रति कि0मी0 मानक के अनुरूप नही है। |
| 3 | रामगढ चमरावली | दादरी | 2.39 | 0.25 | 2.64 | 3128 | 7634 | 479 | 49895 | 14.11 | घरो की सख्या कम होने के कारण योजना में प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है। |
| 4 | गिरधरपुर सुनारसी | बिसरख | 6.17 | 0.65 | 6.82 | 8352 | 7388 | 1610 | 38323 | 10.88 | घरो की संख्या कम तथा सी0सी0 रोड अधिक होने के कारण प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है। |
| 5 | महावड | बिसरख | 3.62 | 0.38 | 4.01 | 4676 | 7747 | 717 | 50488 | 8.92 | घरो की सख्या कम होने के कारण योजना में प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है। |
| 6 | [illegible]ाद कल्दा (संशोधित) | बिसरख | 1.76 | 0.19 | 1.94 | 2557 | 6869 | 224 | 78571 | 13.52 | घरो की सख्या कम होने के कारण योजना में प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है। |
| 7 | दलेलपुर | जेवर | 0.68 | 0.07 | 0.76 | 318 | 21530 | 34 | 200000 | 8.66 | आबादी एवं घरो की सख्या कम होने के कारण योजना में प्रति व्यक्ति लागत एवं प्रति FHTC मानक के अनुरूप नही है। |

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गय कि एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत समस्त 07 नग डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा निर्धारित उपरोक्त विभिन्न मानको के अनुरूप नहीं होने के कारण कम्पलाईन नहीं है। उपरोक्त पस्तुत 07 डी0पी0आर0 में से 01 नग डी0पी0आर0 में प्रति व्यक्ति लागत रू0 9000 से अधिक है, 07 नग डी0पी0आर0 में से समस्त 07 नग डी0[illegible] की प्रति गृह संयोजन ( FHTC) लागत रू0 35000 से अधिक है एवं 07 नग डी0पी0आर0 में से 1 नग डी0पी0आर0 प्रति किलोमीटर वितरण प्रणाली की लागत रू0 15.00 लाख से अधिक है। जिस कारण से उपरोक्त समस्त 07 नग डी0पी0आर0 निर्धारित मानको के अनुरूप नही है।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि उपरोक्त योजनाओं मे से कमांक 1,2,3,5,6 एवं 7 पर अकिंत 06 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योंजनाओं की डी0पी0आर0 की लागत रू0 5.00 करोड से कम होने के कारण शासनादेश संख्या–51/2021/1883/छिहत्तर–1–2021–25सम/2019 दिनांक 06.08.2021 (संलग्नक–घ) के बिन्दु सं0 12 के अनुसार समस्त 06 नग योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता, (मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ द्वारा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त कमांक 04 पर अकित योजना की लागत 5.00 करोड से अधिक होने के कारण शासनादेश संख्या–03/2022/230/छिहत्तर–1–2022–25सम/2019 दिनांक 08.02.2022 (संलग्नक–च) के बिन्दु सं0–04 के अनुसार रू0 5.00 करोड से अधिक लागत की

जनाओं के डी0पी0आर0 की वेटिंग आई0आई0टी0/एन0आई0टी0/अन्य राजकीय महाविघालयो/राजकीय विश्वविघालय से कराने के न्त तकनीकी स्वीकृति एवं ड्राईग/डिजाइन की स्वीकृति अधीक्षण अभियंता एस0डब्ल्यू0एस0एम0 द्वारा प्रदान की जायेगी।

सदस्य सचिव द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा नोट एवं अन्य अभिलेखों के आधार पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गौतमबुद्धनगर द्वारा सम्यक लोपरान्त मानक के अनुरूप नही पायी गयी समस्त 07 नग योजनाओं की डी0पी0आर0 (06 नग नई एवं 01 नग पुनरीक्षित) को जॉच एवं स्वीकृति हेतु पेयजल स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक धन्यवाद सहित सम्पन्न हुई।

24/5/2023

अधिशासी अभियंता,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गौतमबुद्धनगर
सदस्य सचिव।

जिला सूचना एवं
जन सम्पर्क अधिकारी, गौतमबुद्धनगर
सदस्य।

जिला कृषि अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

अधिशासी अभियंता सिचांई,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

ग मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

प्रभागीय वनाधिकारी
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

जिला विकास अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर सदस्य।

मुख्य विकास अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर, उपाध्यक्ष।

जिलाधिकारी
गौतमबुद्धनगर अध्यक्ष

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर।